उदयपुरःजनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावास भवनांे का क्वॉरेंटाइन सेंटर के रूप में चिन्हीकरण

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
RK-30-3-2020-16.docx (http://103.203.138.54/news/205570/document/RK-30-3-2020-16.docx)

DESCRIPTION

उदयपुरःजनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावास भवनांे का क्वॉरेंटाइन सेंटर के रूप में चिन्हीकरण

जयपुर,30 मार्च। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर द्वारा कोरोना महामारी से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावास भवनों का क्वॉरेंटाइन सेंटर के रूप में चिन्हीकरण किया जाकर आवश्यकतानुसार तैयार किए जा रहे है।

ईएम आरएस के स्टाफ वार्डन व स्वास्थ्य कर्मी व शिक्षा कर्मियों द्वारा आमजन को कोरोना वायरस से बचाव हेतु जागरूकता किया जा रहा है।
डुंगरपुर जिले में गुजरात से आने वाले श्रमिकों के लिए रतनपुर बॉर्डर पर जिला प्रशासन डूंगरपुर के निर्देशानुसार अल्पाहार व भोजन व्यवस्था की जा रही है।

मास्क व सैनिटाइजर हेतु जिला प्रशासन डूंगरपुर के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के सभी उपायुक्त व स्टाफ जिला प्रशासन के साथ कार्य कर रहे है।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के सभी हॉस्टल के वार्डन स्थानीय प्रशासन के निरंतर निर्देशन व संपर्क मैं रहकर सहयोग कर रहे है।

वार्डन स्वास्थ्य कर्मी और शिक्षाकर्मी ग्राम पंचायत स्तरीय टीम के साथ अन्नपूर्ण किट्स के वितरण में सहयोग कर रहे है।

SUPPORTING IMAGES